आईडीए की योजनाओं में संपत्तियों की होगी नीलामी

▶ ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया का सॉफ्टवेयर हो रहा तैयार

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में अब आईडीए की संपत्तियों की नीलामी होगी. नीलामी ऑनलाइन होगी, जिसमें बोली लगाना होगी, यानि की कंप्यूटर पर तय दर के बाद संपत्ति लेने के लिए राशि बढ़ाना होगी. एक संपत्ति पर एक से ज्यादा लोग भाग ले रहे है, तो जो अधिकतम बोली की राशि होगी, उसको संपत्ति मिलेगी.

इंदौर विकास प्राधिकरण प्रचलित टेंडर प्रक्रिया और लॉटरी सिस्टम दोनों को बंद करने की तैयारी कर रहा है. इसके एवज में आईडीए अपनी संपत्तियों के लिए नीलामी योजना लागू करने जा रहा है.

इसके तहत ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना होगा, जिसका सॉफ्टवेयर आईडीए द्वारा बनवाया जा रहा है. आईडीए सूत्रों के अनुसार शहर में सबसे पहले सुपर कॉरिडोर और योजना 140 कि संपत्तियों को नीलामी प्रक्रिया में शामिल करेगा. इसके बाद शहर की सभी योजनाओं में रिक्त प्लॉट, दुकान, फ्लैट, आवासीय और व्यावसायिक भवनों के भूखंड को नीलामी के माध्यम से बेचेगा. आईडीए इसके लिए हर योजना में प्रचलित गाइड लाइन दरों के हिसाब से प्रति वर्गमीटर की राशि संपत्ति के मूल्य अनुसार निर्धारित करेगा. आईडीए द्वारा उक्त प्रक्रिया अपनाने का उद्येश्य संपत्ति का विक्रय निष्पक्षता से करना है. उक्त मामले को लेकर आईडीए सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े को कॉल किया था, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. ध्यान रहे कि उक्त नीलामी प्रक्रिया एमपीआईडीसी द्वारा औद्योगिक निवेश क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं में लागू है. एमपीआईडीसी ने भी छोटे से लेकर मध्यम आकर के प्लॉटों का आवंटन नीलामी से ही किया जा रहा है, लेकिन बड़े प्लॉट एक एकड़ से लेकर कई एकड़ जमीन के लिए कंपनियों की मांग पर आवंटन किया जा रहा है.

नीलामी में होगा निम्न तरह का नियम

- ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने के लिए आईडीए की पूर्व निर्धारित राशि जमा करना होगी.
- ऑनलाइन नीलामी में संपत्ति क्रमांक जो खरीदना चाहते हैं, उसका नंबर और योजना का नाम डालना होगा.
- ऑनलाइन नीलामी में तय राशि के बाद आईडीए द्वारा संपत्ति का न्यूनतम मूल्य वर्गमीटर में तय रहेगा, जो कंप्यूटर स्क्रीन पर नजर आएगा.
- ऑनलाइन नीलामी निर्धारित तारीख को होगी, इस दिन ऑनलाइन नीलामी में भाग नहीं लिया या चूक गए तो आप नीलामी से बाहर हो जाएंगे.
- ऑनलाइन नीलामी के सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को संपत्ति आवंटित होगी.
- ऑनलाइन आईडीए संपत्ति की नीलामी में तय राशि जो जमा की है, उसके ऊपर बड़ी हुई अधिकतम राशि का भुगतान एक सप्ताह या निर्धारित तारीख तक करना होगा.
- ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने के लिए निर्धारित तारीख तक पैसा जमा नहीं किया गया, तो पूर्व में नीलामी के लिए जमा राशि जब्त हो जाएगी। साथ ही आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा.
- ऑनलाइन नीलामी में संपत्ति खुलने के बाद दो से तीन महीने में आवंटन और रजिस्ट्री की प्रक्रिया होगी.
- ऑनलाइन नीलामी में एक मुश्त राशि जमा करने और 50 प्रतिशत राशि जमा कर बाकी पैसा लीज शर्तों के और आईडीए के हर तीन माह में राशि जमा करने दोनों का विकल्प खुला होगा.

पूछताछ काउंटरों का संचालन होगा आउटसोर्स

इंदौर. पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और मानव संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए बड़ा कदम उठाने जा रहा है. मंडल ने अपने 9 प्रमुख रेलवे स्टेशनों के 10 पूछताछ काउंटरों का संचालन आउटसोर्स करने का निर्णय लिया है. इसके साथ ही रतलाम मंडल ऐसी व्यवस्था लागू करने वाला पश्चिम रेलवे का पहला मंडल बन जाएगा.

20 जुलाई 2026 से इंदौर, रतलाम, उज्जैन, दाहोद, नीमच, चित्तौड़गढ़, देवास, नागदा और डॉ. अंबेडकर नगर स्टेशन पर पूछताछ केंद्रों का संचालन हैदराबाद की मेगा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 24 घंटे किया जाएगा. रेलवे ने निविदा प्रक्रिया पूरी कर एजेंसी का चयन कर लिया है. वर्तमान में इन केंद्रों पर टिकट चेकिंग और रिजर्वेशन कैडर के 37 कर्मचारी कार्यरत हैं. पूछताछ काउंटरों के आउटसोर्स होने के बाद इन्हें टिकट जांच और अन्य मूल दायित्वों में लगाया जाएगा, जिससे ट्रेनों में टिकट जांच व्यवस्था मजबूत होगी और राजस्व बढ़ने की संभावना है. रेलवे अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार एजेंसी करीब 40 प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती करेगी. ये कर्मचारी यात्रियों को ट्रेन संबंधी जानकारी, कोच गाइडेंस, इंडिकेटर संचालन, घोषणाएं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग यात्रियों की सहायता सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे. साथ ही स्टेशन फुटफॉल और ट्रेनों के संचालन संबंधी आंकड़ों का संकलन भी करेंगे. मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के मार्गदर्शन में तैयार इस योजना को फिलहाल एक वर्ष के लिए लागू किया जा रहा है. इसके परिणामों के आधार पर भविष्य में व्यवस्था को आगे बढ़ाने पर निर्णय लिया जाएगा.

बाग प्रिंट साड़ी से लेकर पोटली बैग्स डिमांड में

इंदौर. होटल इन्फिनिटी में आयोजित दो दिवसीय एक्सप्रेशन लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का रविवार को अंतिम दिन था. आखिरी दिन बड़ी संख्या में लोग एग्जीबिशन में पहुंचे और खरीदारी की. यहां महिलाओं के लिए बाघ प्रिंट, चंदेरी, माहेश्वरी व बनारसी साड़ियां, चिकनकारी सूट, इंडो-वेस्टर्न, फेस्टिव वियर, क्लोथिंग, ट्रेंडी ज्वेलरी, फैशन एक्सेसरीज और हैंड बैग का कलेक्शन रखा गया था. इसके अलावा होम डेकोर, क्रोकरी, गिफ्ट आईटम्स व लाईफस्टाइल से जुड़ी चीजों के स्टाल्स भी लगाए गए. एग्जीबिशन में देशभर के डिजाइनर्स और प्रतिष्ठित ब्रांड्स अपने आकर्षक कलेक्शन के साथ मौजूद रहे. एग्जीबिशन की होस्ट नीतू अग्रवाल ने बताया कि यह एग्जीबिशन का 10वां वर्ष है. फेस्टिव सीजन स्पेशली रखी के त्यौहार को देखते हुए एग्जीबिशन रखी गई थी. दो दिन में करीब 4 हजार लोगो ने एग्जीबिशन में शामिल होकर शॉपिंग की. स्टाल्स पर क्लोथिंग के लोकल और इंटरनेशनल ब्रांड रखें गए थे. स्टार्टउप व महिला सशक्तिकरण से जुड़े लोग स्टाल्स लगाते है.

महिलाओं में पोटली बैग का क्रेज

महालसा ज्वेलर्स की सूचि ने बताया कि शादियों के सीजन के कारण हेंड पोटली बैग डिमांड में है. रेशम या मखमली (वेलवेट) कपड़े से बने इन बैग्स पर जटिल कढ़ाई और मोतियों का काम होता है. पोटली बैग पर हैंड एम्ब्रॉयडरी और डिटेलिंग है. इसकी रेंज 300 से लेकर 2000 रुपए तक है.

संविधान की ताकत से ही सुरक्षित होंगे युवाओं के अधिकार

▶ 'छात्रों की गूंज' अभियान में हुआ संविधान संवाद

▶ नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफे की मांग

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के मूसाखेड़ी स्थित धर्मशाला में 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत 'संविधान संवाद' कार्यक्रम में नागरिको और युवाओं के अधिकारों पर विचार मंथन किया गया. इस दौरान युवाओं को संविधान के अनुच्छेद 24 से 31 तक के प्रावधानों की जानकारी दी गई. संवाद के दौरान वक्ताओं ने नीट पेपर लीक मामले पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा और 9 अगस्त को दिल्ली में आंदोलन में भाग लेने का छात्रों से अनुरोध किया गया.

प्रदेश कांग्रेस द्वारा 40 दिवसीय 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत आज 'संविधान संवाद' कार्यक्रम हुआ. इस दौरान छात्र छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का वितरण किया गया. युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं 'छात्रों की गूंज' अभियान जिला समन्वयक पुनीत सिंह पारिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारतीय संविधान की मूल भावना, अधिकारों और कर्तव्यों से जोड़ना है. उन्होंने कहा कि देश में युवाओं के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा आवश्यक है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि संविधान में देश के नागरिको के मौलिक अधिकारों का उल्लेख है. जब प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताएं और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ की घटनाएं सामने आती हैं, तब संविधान की मूल भावना पर आघात पहुंचता है. सिवनी के संविधान विशेषज्ञ गौरव जायसवाल ने संविधान के अनुच्छेद 24 से 31 तक के प्रावधानों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, न्याय और जीवन जीने का अधिकार देता है.

इस्तीफे की मांग दोहराई

इस दौरान नीट पेपर लीक सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में घोटाले के मुद्दें पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की दोहराई गई. साथ ही 9 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित उक्त मुद्दों को लेकर आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया. कार्यक्रम में पार्षद सुदामा चौधरी, युवा कांग्रेस प्रभारी शिवि चौहान, एनएसयूआई संगठन प्रभारी रवि दांगी, युवा कांग्रेस प्रदेश महामंत्री चेतन चौधरी, जावेद खान, प्रज्ञा फिलिप, जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री दौलत पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल, एनएसयूआई अध्यक्ष रजत पटेल, अंकित दुबे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी उपस्थित थे.

एक नजर में

साधु संतों की मौजूदगी में जैन साधना भवन का लोकार्पण

इंदौर. रविवार को गुमास्ता नगर में जैन समाज के 6 मंजिला जैन साधना भवन का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ. इस मौक पर समाज में साधु-साध्वी उपस्थित थे. वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ पश्चिम क्षेत्र ट्रस्ट ने यह भवन बनाया है. महासचिव सुभाष वन्यायक्या ने बताया कि जसवंतलाल शाह और सुधीर, श्रेणिक, सिद्धार्थ और विक्रम टुवावाला परिवार आयोजन के मुख्य लाभार्थी हैं.

मध्य प्रदेश दृष्टिहीन कल्याण संघ में संगीत संध्या

इंदौर. मध्य प्रदेश दृष्टिहीन कल्याण संघ किला मैदान में आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम में गायक कलाकारों द्वारा गाये गए भजन एवं नए पुराने गीतो का दिव्यांग (दृष्टिहीन) जनों ने भरपूर आनंद लिया. अंजू सोनी एवं अर्पित चौधरी ने कार्यक्रम की शुरुआत श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम भजन से करते हुए, कौन दिशा में लेके चला रे बटोहिया, गोरी है कलाइयां जैसे कई पुराने गीत गाए. अंजू सोनी व दीपक सोनी ने रे हम तुम चोरी से बंधे एक डोरी से गाकर माहौल को रंगीन कर दिया. हिना के साथ अर्पित चौधरी ने ये मौसम का जादू है मितवा गीत गाया. अर्पित एवं अंजू की जोड़ी ने जय जय शिव शंकर कांटा लगे ना कंकर व ओ साथी चल मुझे लेकर साथ चल गाकर कार्यक्रम को ऊंचाईया प्रदान की. अजय बक्षी ने चल अकेला चल अकेला गाकर बहुत दाद बटोरी, महेश उपाध्याय एवं सुनीता उपाध्याय के द्वारा गाया गया गीत आंखों आंखों में हम तुम भी पसंद किया गया. दिव्यांग युवा विशाल तिवारी एवं जयांशु बैरागी के द्वारा गए गए गीतों पर बहुत देर तक तालियां बजती रही. दिलीप सोनी, एम विष्णु सोनी ने भी प्रस्तुति दी. कार्यक्रम के सूत्रधार प्रदीप जोशी ने प्रत्येक गीत के भावों को प्रदर्शित करते हुए गीतों की सिचुएशन पर भी प्रकाश डाला. इस अवसर पर एमपीडब्ल्यूएबी के छात्रों के अतिरिक्त के डी परसाई, अजय चौधरी, संदीप पाराशर सहित बड़ी संख्या में संगीत रसिक उपस्थित थे. आभार माना संस्था सचिव आधार सिंह चौहान ने.

मध्य प्रदेश ने बचत के साथ मनाया अमेज़न प्राइम डे

इंदौर. अमेज़न इंडिया का अब तक का सबसे बड़ा प्राइम डे मध्य प्रदेश भर के प्राइम सदस्यों की उत्साहजनक भागीदारी के साथ संपन्न हुआ. प्राइम डे के इस 10वें संस्करण में पिछले प्राइम डे आयोजनों की तुलना में भारत से अधिक प्राइम सदस्यों की भागीदारी देखी गई, जिसमें 70% से अधिक नए साइन-अप टियर 2 और 3 शहरों व कस्बों से आए. इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर और अन्य शहरों के ग्राहकों ने स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, होम एंड किचन, रोजमर्रा की जरूरी चीजें, ग्रॉसरी, बड़े उपकरण और फर्नीचर सहित विभिन्न श्रेणियों में खरीदारी की. अमेज़न के इंडिया और इमर्जिंग कंट्रीज के वाइस प्रेसिडेंट- प्राइम एंड कस्टमर फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस, अक्षय साही ने कहा हमें मध्य प्रदेश में अपने ग्राहकों को बड़ी बचत करने में मदद करना बेहद पसंद है, और प्राइम डे वैल्यू, तेज डिलीवरी, बेहतरीन डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का एक बड़ा उत्सव है जो प्राइम मेंबरशिप प्रदान करती है. और प्राइम डे का 10वां संस्करण एक ऐसा मील का पत्थर है जिसे हम देश भर में अपने विक्रेताओं, भागीदारों और लाखों ग्राहकों के साथ मनाने में गर्व महसूस कर रहे हैं. हमने छोटे और मध्यम व्यवसायों की अब तक की सबसे अधिक भागीदारी देखी, जो इस बात की पुष्टि करती है कि प्राइम डे जितना हमारे ग्राहकों के लिए उत्सव है, उतना ही हमारे विक्रेताओं के लिए भी है.

पट्टाचार्य सुनील सागर महाराज का नगर प्रवेश

इंदौर. रविवार सुबह चतुर्थ पट्टाचार्य सुनील सागर महाराज का विराट मंगल प्रवेश हुआ. सुबह 8 बजे राजबाड़ा से उदासीन आश्रम तक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई. सुनील सागर महाराज का चातुर्मास नेमीनगर में होगा.

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए सुनील सागर महाराज ने शहर के पर्यावरण व सफाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे बड़े बड़े वृक्ष हमे अन्य कहीं नहीं दिखाई देते है, देश की सबसे स्वच्छ नगरी धर्म की भी नगरी है. उदासीन आश्रम मैं विशाल जुलूस का समापन हुआ. नेमीनगर जैन समाज एवं सकल दिगम्बर समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी सहित जैन समाज के तमाम समाजसेवी व पदाधिकारी मौजूद थे.

युवक-युवतियों ने आत्मविश्वास के साथ दिया परिचय

▶ 22वां अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन संपन्न

इंदौर. श्री अग्रवाल समाज सोशल ग्रुप एवं परिचय द्वारा रविवार को श्री कच्छपाटीदार परिसर, नौलखा में 22वां अखिल भारतीय अग्रवाल युवक-युवती एजुकेशन एवं हाई प्रोफाइल परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया. सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों एवं अभिभावकों ने सहभागिता की.

संस्था के संस्थापक विनोद बंसल तथा कार्यक्रम संयोजक मुकेश मंगल एवं नंदकिशोर अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन के लिए देशभर से 442 युवक-युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं. परिचय पुस्तिका का कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विमोचन भी किया गया. सम्मेलन में डॉक्टर, सीए, सीएस, एमबीए, एम.टेक., बी.टेक., इंजीनियर, व्यवसायी तथा अन्य उच्च शिक्षित युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया. प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी शिक्षा, व्यवसाय और पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी साझा की. कार्यक्रम में विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया, अविनाश अग्रवाल, अरविंद वैल्यूअर. मोहनलाल अग्रवाल, राजेंद्र गर्ग, पियूष गर्ग सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. आयोजकों ने बताया कि ऐसे परिचय सम्मेलन समाज में वैवाहिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ युवक-युवतियों को एक उपयुक्त मंच उपलब्ध कराते हैं.

पंचामृत सहस्त्रधारा से हुआ प्रभु वेंकटेश का महाभिषेक

इंदौर. छत्रीबाग स्थित लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में आयोजित ब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला. प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार, स्तोत्र पाठ एवं सुमधुर वाद्य ध्वनि के बीच भगवान श्री वेंकटेश का पंचामृत एवं सहस्त्रधारा महाभिषेक संपन्न हुआ.

नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज एवं देशभर से पधारे संतों के सान्निध्य में भगवान का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, इत्र, केसर, फलों के रस, औषधियों एवं विभिन्न पवित्र नदियों के जल से अभिषेक किया गया. अभिषेक के दौरान भगवान का माखन से विशेष श्रृंगार किया गया तथा बाद में माखन प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया.

अभिषेक से पूर्व यजमान प्रभुदयाल तोतला परिवार ने कलश पूजन किया ।महाभिषेक के पश्चात भगवान श्री वेंकटेश, श्रीदेवी एवं भूदेवी का विशेष श्रृंगार कर संतों ने भक्तों को आशीर्वचन दिए. इसके बाद गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया. रात्रि में भगवान श्री वेंकटेश हनुमंत वाहन पर विराजमान होकर छोटी रथयात्रा के रूप में छत्रीबाग क्षेत्र का भ्रमण करने निकले. मार्ग में श्रद्धालुओं ने दीप सजाकर, रंगोली बनाकर और पुष्पवर्षा कर प्रभु का स्वागत किया.

ढोल-नगाड़ों की थाप पर महिलाओं एवं युवतियों ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं भजन गायक हरिकिशन साबू 'भोंपू जी' ने भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को भावविभोर कर दिया. आयोजन समिति के पंकज तोतला एवं पुखराज सोनी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 13 जुलाई को प्रातः 9.30 बजे वसंतोत्सव, दोपहर 1 बजे तिरुपावडा विशेष उत्सव, संतों के प्रवचन एवं भजन होंगे. रात्रि में भगवान श्री वेंकटेश गरुड़ वाहन पर नगर भ्रमण करेंगे तथा विशेष श्रृंगार दर्शन भी होंगे.

पाठशाला में रचनाकारों ने जानीं लघुकथा लेखन की बारीकियां

इंदौर. विचार प्रवाह साहित्य मंच ने अपने चलो कुछ अच्छा लिखें और सीखें अभियान के तहत लघुकथा की पाठशाला का आयोजन किया. ऑनलाइन हुए इस आयोजन में देश के विभिन्न शहरों से लघुकथाकार शामिल हुए और लघुकथा लेखन की बारीकियों को जाना.

मुख्य अतिथि वरिष्ठ लघुकथाकार अशोक भाटिया (हरियाणा) ने उपस्थित लघुकथाकारों के सवालों के जवाब देते हुए लघुकथा के आकार, प्रकार, शिल्प, कथ्य, भाषा, वर्तनी पर प्रभावी प्रकाश डाला. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार और हिंदी मासिक वीणा के संपादक राकेश शर्मा ने लघुकथा आंदोलन में इंदौर के लघुकथाकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया. झ आयोजन संयोजक वरिष्ठ लघुकथाकार भुवनेश दशोत्तर ने लघुकथा पाठशाला आयोजित करने का उद्देश्य बताया. मंच की संस्थापक अध्यक्ष सुषमा दुबे ने स्वागत उद्बोधन दिया. संचालन मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने किया. आयोजन में वरिष्ठ लेखिका माया बदेका, अमिता मराठे, अर्चना पंडित, सुषमा व्यास पारिजात, स्वाति श्रोत्रि, धीरेंद्र कुमार जोशी, देवेंद्र सिंह सिसौदिया, सुषमा व्यास, सुधाकर मिश्रा, अर्चना मंडलोई, डॉ. आरती दुबे, सीमा पांड्या, डॉ. ज्योति सिंह, श्वेता गर्ग, स्वाति जोशी, डॉ प्रणव श्रोत्रिय, शारदा मिश्रा, शालिनी बड़ोले, उपासना गुप्ता, निशा बुधे झा, डॉ. पूनम विशाल, सपना उपाध्याय और अमोघ अग्रवाल आदि ने भाग लिया.

एयरपोर्ट परिसर में किया पौधारोपण

इंदौर. डिस्ट्रिक्ट गवर्नरजी लायन जय प्रकाश त्रिपाठी और मधुलता त्रिपाठी हांगकांग से शपथ विधि लेकर इंदौर आगमन पर विमानतल पर लायन साथियों द्वारा स्वागत किया गया. लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण सेवा गतिविधि के रूप में इंदौर एयरपोर्ट परिसर में लायन दिनेश रणधर, इंदौर सिटी अध्यक्ष रिंकी जयसिंघानी चुग द्वारा आयोजित एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गिरवार, पीसीआईएसएफ वरिष्ठ कमांडेंट, संजय रियाणा मैनेजर एचआर, रामस्वरूप यादव पीआरओ की उपस्थिति व सहयोग से विविध प्रकार के200 पौधारोपण का आयोजन किया गया. इसमें वरिष्ठ लायन डॉक्टर आर.के.सोडानी, अनिल मोदी, दिलीप माटा, अशोक गुप्ता, राजीव दुबे, विकास गुप्ता, धार के कई लायन साथियों ने श्रम दान करते हुए पौधारोपण किया.

एक नजर में | इरा कायस्थ सोशल ग्रुप द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित एक प्रेरक एवं मनोरंजक कार्यक्रम

पत्तियों के गहनों से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इंदौर. इरा कायस्थ सोशल ग्रुप द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित एक प्रेरक एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

ग्रप की अध्यक्ष वीना सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं ने पत्तियों से बने आकर्षक गहने पहनकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया तथा पर्यावरण बचाने पर स्वयं लिखे चार-पंक्तियों के स्लोगन प्रस्तुत किए. कार्यक्रम का संयोजन संध्या सक्सेना, सुनीता सक्सेना, प्रभा सक्सेना एवं मिनी सक्सेना ने किया. इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित रोचक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिनके माध्यम से महिलाओं ने प्रकृति संरक्षण के लिए अपने विचार और सुझाव साझा किए. कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष साधना सक्सेना ने प्रतिभागियों को उपहार वितरित किए. सचिव आभा कुलीन ने सभी का आभार माना.